Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 02 अगस्त 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 306

# सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, आरक्षण के लिए एससी/एसटी में सब-कैटेगरी बना सकते हैं राज्य

**दिल्ली । आरएनएस**



एससी-एसटी श्रेणियों के भीतर सब-कैटेगरी की वैधता पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने राज्यों को अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों में सब-कैटेगरी की अनुमति दे दी है। सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की संविधान पीठ ने यह फैसला सुनाया है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड की अध्यक्षता वाली 7 जजों की संविधान पीठ ने तय किया कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति श्रेणियों के लिए सब-कैटेगरी बनाई जा सकती हैं।

7 जजों की संविधान पीठ में CJI डी वाई चंद्रचूड़ के अलावा जस्टिस बी आर गवई, विक्रम नाथ, जस्टिस बेला एम त्रिवेदी, जस्टिस पंकज मिथल, जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा शामिल हैं। CJI ने कहा कि 6 राय एकमत हैं, जबकि जस्टिस बेला एम त्रिवेदी ने असहमति जताई है। कोर्ट ने कहा कि अनुसूचित जातियां एक समरूप समूह नहीं हैं और सरकार पीड़ित लोगों को 15 % आरक्षण में अधिक महत्व देने के लिए उन्हें सब-कैटेगरी में बांट सकती है। अनुसूचित जाति के बीच अधिक भेदभाव है। सुप्रीम कोर्ट ने चिन्नैया मामले में 2004 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें अनुसूचित जाति के उप-वर्गीकरण के खिलाफ फैसला सुनाया गया था।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के बीच जातियों का उप-वर्गीकरण उनके भेदभाव की डिग्री के आधार पर किया जाना चाहिए। राज्यों द्वारा सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश में उनके प्रतिनिधित्व के अनुभवजन्य डेटा के संग्रह के माध्यम से किया जा सकता है। यह सरकारों की इच्छा पर आधारित नहीं हो सकता।

दरअसल, पंजाब सरकार ने अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित सीटों में से 50 फीसद 'वाल्मिकी' एवं 'मजहबी सिख' को देने का प्रविधान किया था। 2004 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को आधार बनाते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी थी। इस फैसले के खिलाफ पंजाब सरकार व अन्य ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। 2020 में स्ष्ट की पांच जजों की संविधान पीठ ने कहा था कि वंचित तक लाभ पहुंचाने के लिए यह जरूरी है। मामला दो पीठों के अलग-अलग फैसलों के बाद 7 जजों की पीठ को भेजा गया था।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### एनआईए की बड़ी कार्रवाई, पीएफआई से जुड़े संदिग्धों के ठिकानों पर की ताबड़तोड़ छापेमारी

**चेन्नई (आरएनएस)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी(एनआईए) द्वारा तमिलनाडु के तंजावुर, त्रिची और मयिलादुथुराई समेत कई जगहों पर छापेमारी की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, एजेंसी ने तिरुवरुर के मुथुपेट में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े राज मुहम्मद के आवास पर रेड डाली। वहीं, नवाजुद्दीन जो ऑटो रिक्शा चलाता है। इसके आवास पर भी एनआईए पहुंची। नवाजुद्दीन का कनेक्शन भी पीएफआई से जुड़ा हुआ है। इसके अलावा आमिर बाशा और एसडीपीआई से जुड़े सिद्दीक के घर पर छापेमारी चल रही है। सूत्रों के अनुसार, एनआईए जानना चाहती है कि क्या यहां पीएफआई से जुड़ी कोई गैरकानूनी गतिविधि चल रही थी। मिली जानकारी के अनुसार, सुरक्षाकर्मियों के साथ एनआईए के अधिकारियों ने सुबह 6 बजे से तलाशी अभियान शुरू किया। दावा यह भी किया जा रहा है कि एनआईए इस दौरान साल 2019 में रामलिंगम की हत्या से जुड़े सबूत भी तलाश रही है। रामलिंगम की हत्या के मामले में एजेंसी इससे पहले भी कई बार छापेमारी कर चुकी है। 2023 में एजेंसी ने पीएफआई से जुड़े कई लोगों के आवास पर छापेमारी की थी। जिसमें कई दस्तावेज जांच के दौरान मिले थे। रामलिंगम ने पीएफआई द्वारा कराए जा रहे धर्मांतरण का विरोध किया था। 5 फरवरी 2019 को रामलिंगम की हत्या कर दी गई थी। उस दौरान, एजेंसी को मिले इनपुट के आधार पर पीएफआई से जुड़े संदिग्धों की तलाशी ली गई थी। हत्या की साजिश रचने वाले रहमान सादिक को एनआई ने साल 2021 में गिरफ्तार कर लिया था।

### बिहार में आकाशीय बिजली का कहर, 5 लोगों की मौत से हड़कंप

**पटना (आरएनएस)।** बिहार में कई इलाकों में मौसम के बदलाव के बाद कुदरत का कहर बरपा है। वज्रपात की घटनाएं भी शुरू हो गई हैं। इस दौरान पिछले 24 घंटे में वज्रपात से प्रदेश में पांच लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वज्रपात से हुई मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा गुरुवार को जारी एक बयान में कहा गया कि पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में वज्रपात से पांच लोगों की मौत हो गई। वज्रपात से रोहतास में दो एवं जहानाबाद में तीन व्यक्तियों की मौत पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को मृतक के परिजनों को अविलंब चार-चार लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें। खराब मौसम होने पर वज्रपात से बचाव के लिये आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए सुझावों का अनुपालन करें। खराब मौसम में घरों में रहें और सुरक्षित रहें।

### हरियाणा : फैक्ट्री में गैस लीक होने से मची अफरा-तफरी, मौके पर एनडीआरएफ टीम मौजूद

**गुरुग्राम (आरएनएस)।** हरियाणा के गुरुग्राम में कादीपुर इंडस्ट्रियल एरिया की एक फैक्ट्री में गुरुवार को गैस लीक होने से अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर मौके पर एनडीआरएफ, दमकल विभाग और पुलिस की टीम तैनात कर दी गई है। गुरुवार शाम को फैक्ट्री से गैस लीक होने की खबर सामने आई। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन ने तुरंत सारे इंतजाम किए। गैस लीकेज के चलते प्रशासन ने फैक्ट्री को खाली करा दिया है। सुरक्षा के चलते आसपास के लोगों से भी इलाके से हटने की अपील की जा रही है। घटनास्थल पर फायर ब्रिगेड और सिविल डिफेंस टीम समेत बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी भी मौजूद हैं। इलाके में लोगों की आवाजाही रोक दी गई है। सडक़ पर बैरिकेड लगा दिया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिसकर्मी हेलमेट और मास्क लगाकर तैनात हैं। गैस से अभी तक किसी के हताहत होने की खबर सामने नहीं आई है। किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मौके पर एंबुलेंस की टीम भी मौजूद है। कादीपुर के पूरे इलाके में सन्नाटा पसर गया है। सडक़ों पर प्रशासन के अलावा कोई भी नजर नहीं आ रहा है। लोग अपने-अपने घरों में बंद हो गए हैं। गैस लीकेज के कारण का अब तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस और अन्य टीमें इसकी जांच में जुटी हुई है।

**दिल्ली जैसा हादसा**

## बेसमेंट में सो रहा था परिवार, अचानक भर गया पानी; 4 की मौत

**जयपुर । आरएनएस**



राजस्थान के कई जिलों में बारिश हो रही है। कई जगहों पर बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इस बीच राजधानी जयपुर में अलग-अलग हिस्सों में बारिश के कारण सडक़ें धंस गई हैं, अस्पतालों में पानी भर गया है। वहीं जयपुर के सीकर रोड नंबर 17 पर बेसमेंट में पानी भर गया। बेसमेंट में करीब 15 फीट पानी भरने से 2 मासूम सहित चार लोगों के डूबने की सूचना मिली। वहीं हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर सिविल डिफेंस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची।

सीकर रोड नम्बर 17 स्थित विश्वकर्मा इलाके में यह हादसा हुआ है। अशोक कुमार सैनी नाम के शख्स के घर के बेसमेंट में उनका बेटा-बेटी और रिश्तेदार की पोती व अन्य एक रिश्तेदार बेसमेंट में सो रहे थे। तभी धीरे-धीरे पानी भर गया और फिर सभी लोग उसमें डूब गए। बताया जा रहा है कि बेसमेंट करीब 15 फीट गहरा था।

बता दें दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर स्थित कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में बनी लाइब्रेरी में छात्र पढ़ाई कर रहे थे। उसी दौरान मूसलाधार बारिश हुई, जिसकी वजह से कोचिंग के बाहर बनी सडक़ों पर भारी जलभराव हो गया। इसी दौरान बेसमेंट में अचानक 2-3 मिनट के भीतर 10-12 फीट तक पानी भर गया। जब यह घटना हुई, उस समय बेसमेंट में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे करीब 35 छात्र पढ़ाई कर रहे थे। इस सूचना के बाद दिल्ली फायर सर्विस और एनडीआरएफ की टीम बुलाई गई। बावजूद इसके तीन छात्रों को नहीं बचाया जा सका।

## भारतीय मछुआरे की मौत पर विदेश मंत्रालय ने जताया विरोध, श्रीलंका के उच्चायुक्त को किया तलब

**नई दिल्ली । आरएनएस**

भारत ने गुरुवार को नई दिल्ली में स्थित श्रीलंका के कार्यवाहक उच्चायुक्त को तलब किया और कच्चातीवु द्वीप में भारतीय मछुआरे की मौत से जुड़ी घटना पर विरोध दर्ज कराया।

कच्चातीवु द्वीप से पांच समुद्री मील उत्तर में एक श्रीलंकाई नौसैनिक पोत और एक भारतीय मछली पकडऩे वाली नाव के बीच टक्कर हो गई थी, जिसमें एक भारतीय मछुआरे की मौत हो गई। रिपोर्ट के अनुसार, नाव में सवार चार भारतीय मछुआरों में से एक की मौत हो गई और एक लापता है। दो मछुआरों को बचा लिया गया है और उन्हें कांकेसंथुराई तट पर लाया गया है। लापता भारतीय मछुआरे की तलाश जारी है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि जाफना में भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों को आदेश दिया गया है कि वे तुरंत कांकेसंथुराई जाएं और मछुआरों तथा उनके परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करें। विदेश मंत्रालय ने कहा, नई दिल्ली में श्रीलंका के कार्यवाहक उच्चायुक्त को आज सुबह विदेश मंत्रालय में बुलाया गया और घटना पर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। हमने जानमाल की दुर्भाग्यपूर्ण क्षति पर अपना दुख जताया है। कोलंबो में हमारे उच्चायुक्त भी श्रीलंका सरकार के सामने इस मामले को उठाएंगे।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार ने हमेशा मछुआरों से संबंधित मुद्दों को मानवीय और मानवतावादी तरीके से निपटाने की जरूरत पर जोर दिया है। इस संबंध में दोनों सरकारों के बीच मौजूदा सहमति का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाने चाहिए कि ऐसी घटना दोबारा न हो या बल प्रयोग का सहारा न लिया जाए। सरकार भारतीय मछुआरों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। भारतीय मछुआरों से संबंधित मुद्दों को श्रीलंकाई नेतृत्व के सामने उच्चतम स्तर पर उठाया जाता रहा है।

## भारतीय सेना ने पुंछ से एक आतंकी को किया गिरफ्तार, विदेशी पिस्तौल बरामद

**जम्मू । आरएनएस**



जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के खिलाफ भारतीय सेना की कार्रवाई जारी है। भारतीय सेना ने पुंछ जिले से हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आतंकी का नाम मोहम्मद खलील है।

जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय राइफल की रोमियो फोर्स ने हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकी मोहम्मद खलील को बीते महीने 30 जुलाई को पुंछ से गिरफ्तार किया। उसके पुंछ के मंगनार गांव में छिपे होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद भारतीय सेना ने ऑपरेशन चलाकर उसे धर दबोचा।

सेना ने आतंकी खलील के पास से एक विदेशी पिस्तौल बरामद की है। रोमियो फोर्स ने एक बयान में बताया कि आतंकी खलील से पुलिस हिरासत में पूछताछ चल रही है। उसके पास से एक एक्टिव पाकिस्तानी व्हाट्सएप नंबर मिला है। जिसके माध्यम से पाकिस्तान में बैठा एक हैंडलर, मोहम्मद खलील को निर्देश दे रहा था।

पुंछ के एसएसपी युगल मन्हास ने कहा, भारतीय सेना की रोमियो फोर्स और एसओजी पुंछ पुलिस के संयुक्त अभियान में मंगनार गांव में हथियार और गोला-बारूद के साथ एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है, जो गुरेज का निवासी है और पुंछ में हथियारों और गोला-बारूद की खेप के साथ पकड़ा गया है।

इसके अलावा सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया।

बीएसएफ ने बताया कि बुधवार देर शाम जम्मू डिवीजन के सांबा जिले में घुसपैठ की कोशिश को जवानों ने नाकाम कर दिया। इस दौरान जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिये को मार गिराया।

बीएसएफ ने कहा, बीती मध्य रात्रि में सतर्क बीएसएफ जवानों ने सांबा सीमा क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार संदिग्ध गतिविधि देखी। एक घुसपैठिया बीएसएफ बाड़ की ओर आता हुआ देखा गया। सतर्क जवानों ने घुसपैठिये को मार गिराया और घुसपैठ की कोशिश को विफल कर दिया।

## बिजली के खंभे से टकराया वाहन, करंट लगने से पांच कांवड़ियों की मौत- तीन झुलसे

**लातेहार । आरएनएस**



झारखंड के लातेहार जिले में गुरुवार तडक़े पांच कांवडिय़ों की करंट लगने से मौत हो गई, जबकि तीन अन्य झुलस गए। पुलिस के अनुसार कांवडिय़ों का वाहन तेज वोल्टेज वाले तार के संपर्क में आया जिससे यह हादसा हुआ। उसने बताया कि यह हादसा बालूमथ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तम तम टोला में तडक़े करीब तीन बजे हुआ। तीर्थयात्री देवघर के बाबा बैद्यनाथ मंदिर से लौट रहे थे तभी उनका वाहन बिजली के खंभे से टकरा गया।

बालूमथ के उप-मंडल पुलिस अधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम ने बताया,'' तेज वोल्टेज वाला तार उनके वाहन पर गिर गया, जिससे पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य झुलस गए।'' पुलिस ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**सडक़ हादसे में दो कांवडिय़ों की मौत**

उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के रेहड़ थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक छुट्टा पशु से टकरा जाने से मोटरसाइकिल सवार दो कांवडिय़ों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार ने बताया कि रेहड़ थाना क्षेत्र में वादीगढ़ के पास तेज रफ्तार से आ रही एक मोटरसाइकिल किसी छुट्टा पशु से टकरा गई।

उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार तीन कांवडिय़े-शिवम शर्मा (24), महेश पाल (27) और गब्बर गंभीर रूप से घायल हो गए। कुमार के मुताबिक, तीनों कांवडिय़ों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने शिवम और महेश को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि मरने वाले दोनों कांवडिय़े पीलीभीत जिले के निवासी थे, जबकि उनका घायल साथी लखीमपुर का रहने वाला है। तीनों गंगा जल लेने के लिए हरिद्वार जा रहे थे।

मुजफ्फरनगर जिले के रतनपुरी क्षेत्र में बुधवार को ट्रक की छत से गिरे विद्युत जेनरेटर की चपेट में आने से एक कांवडिय़े की मौत हो गयी तथा आठ अन्य घायल हो गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेन्द्र पाल ने यहां बताया कि श्रावण मास में कांवड़ यात्रा पर निकले कुछ कांवडिय़े अपने सामान से लदे एक ट्रक के आगे-आगे चल रहे थे, ट्रक चालक के बैठने वाले केबिन की छत पर एक जेनरेटर रखा हुआ था।

उन्होंने बताया कि रास्ते में बेंती मोड़ के पास ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगायी जिससे छत पर रखा भारी जेनरेटर आगे चल रहे कांवडिय़ों पर गिर गया। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में दिनेश (24) नामक एक कांवडिय़े की मौत हो गयी, जबकि उसके आठ अन्य साथी घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## दर्दनाक हादसा: ट्रक और कार के बीच भीषण भिड़ंत, पांच लोगों ने तोड़ा दम

**अलीगढ़ । आरएनएस**

यूपी के अलीगढ़ में गुरुवार सुबह एक भीषण सडक़ हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई और 5 घायल हो गए। ट्रक और कार की जोरदार भिड़ंत में पांचों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना खैर थाना इलाके के अलीगढ़-पलवल मार्ग की है। बताया जा रहा है कि कार में 10 लोग सवार थे। तभी उनकी गाड़ी की एक ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई।

हादसा इतना भीषण था कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और कार सवार पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। सडक़ हादसे के बाद अलीगढ़-पलवल मार्ग पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। उन्होंने तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार से शवों को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

क्षेत्राधिकारी कृष्ण गोपाल ने हादसे की जानकारी दी। बताया, खैर थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक ट्रक और कार के बीच भीषण हादसा हुआ। कार में सवार पांच लोगों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया और पांच लोग घायल हो गए। जिसके बाद सभी घायलों को इलाज के लिए अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। पुलिस के मुताबिक, मृतकों और घायलों के परिवार वालों को घटना की सूचना दे दी गई है। वह पीलीभीत के रहने वाले हैं। फिलहाल घायलों में कई लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका अस्पताल में इलाज जारी है।

## हिमाचल में कुदरत का कहर, कुल्लू और मंडी में फटे बादल; एक की मौत-35 लापता

**शिमला । आरएनएस**



हिमाचल प्रदेश में बारिश ने तबाही मचाई हुई है। कुल्लू के निरमंड ब्लॉक, कुल्लू के मलाणा और मंडी जिले में बादल फटे हैं। बादल फटने से भारी तबाही मची है। कई मकान, स्कूल और अस्पताल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। तीनों जगह पर कुल मिलाकर 35 लोग लापता हो गए हैं। वहीं मंडी में एक शव मिला है। यहां 35 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। बादल फटने की घटना के बाद मंडी के पधर के सभी स्कूल और शिक्षण संस्थान आज बंद कर दिए गए हैं। डीसी ने आदेश जारी किए हैं।मंडी के थलटूखोड़ में आधी रात बादल फटने से तबाही मच गई। यहां मकान ढहने की सूचना है। सडक़ कनेक्टिविटी भी ठप हो गई है। मौके के लिए एसडीआरएफ समेत अन्य टीमें रवाना हो गई हैं। थलटूखोड़ पंचायत प्रधान कली राम ने बताया कि तेरंग और राजबन गांव में बादल फटने की घटना हुई है। घटना में कई लोग लापता है। तीन घर बहने की सूचना है। जानकारी मिली है कि पधर उपमंडल के थलटूखोड़ में बादल फटने की घटना में 9 लोग लापता हैं, एक शव बरामद किया गया है। मंडी जिला प्रशासन ने रेस्क्यू के लिए एयरफोर्स को अलर्ट किया है। मदद की जरूरत होने पर सेवाएं ली जाएंगी। एनडीआरएफ को भी मदद का निवेदन किया गया है।डीसी अपूर्व देवगन और रेस्क्यू टीमें पैदल ही प्रभावित क्षेत्र के लिए जा रही हैं। मौके पर मौजूद स्थानीय प्रशासन राहत कार्यों में जुटे हैं। सडक़ें और रास्ते टूटने के कारण घटनास्थल तक पहुंचने में दिक्कत आ रही है। इसके अलावा, शिमला-कुल्लू सीमा पर बादल फटने से तबाही मची है। कई मकान, स्कूल और अस्पताल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। कई लोगों के लापता होने की खबर है। राहत एवं बचाव कार्य चलाया गया है। मौके के लिए एसडीआरएफ की टीम रवाना हो गई है। जानकारी के अनुसार, कुल्लू के निरमंड इलाके में बादल फटा है। इससे भारी नुकसान हुआ है। 19 लोगों के लापता होने की खबर है।

वहीं निरमंड ब्लॉक के झाकड़ी में समेज खड्ड में हाइड्रो प्रोजेक्ट के नजदीक बादल फटने की सूचना मिली है। यहां गुरुवार सुबह सुबह बादल फटा है। घटना स्थल के लिए उपायुक्त अनुपम कश्यप और पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी भी रवाना हो गए हैं। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही एनडीएसआरएफ की टीम, पुलिस, रेस्क्यू दल घटना स्थल के लिए रवाना हो चुके हैं।

कुल्लू जिले के मलाणा नाले में भारी बारिश के दौरान बादल फटने से मलाणा वन और मलाणा टू पावर प्रोजेक्ट को भारी क्षति पहुंची है। भारी बारिश के बाद पार्वती नदी का भी जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर बढ़ गया है। जिया, भुंतर सहित नदी तट पर लगते तमाम क्षेत्रों से लोगों को अपने घर खाली कर सुरक्षित जगह जाने की अपील की गई है। इसके साथ-साथ ही व्यास और तीर्थन नदियों में भी जलस्तर बढ़ा हुआ है। सभी से नदी नालों से सुरक्षित स्थानों पर रहने के लिए अपील की गई है।

कुल्लू जिले के निरमंड इलाके के बागीपुल में 8-10 मकान बह गए हैं। जिसमें पटवार खाना, होटल, दुकानें भी शामिल हैं। बागीपुल में सात से दस लोगों के लापता होने की सूचना है। इसमें एक ही परिवार के सात लोग लापता बताए जा रहे हैं। तहसीलदार मौके पर हैं। कोयल खड्ड तक सर्च अभियान शुरू किया जा रहा है। निरमंड में कई पुल बह गए हैं, अधिकतर सडक़ें बंद हैं। बागीपुल में बस स्टैंड का नामोनिशान मिट गया है। 15 गाडिय़ां पानी में बह गई हैं।